कर्मचारी राज्य बीमा निगम में एसिक दिवस का आयोजन

मुख्यालय द्वारा दिए गए अनुदेशों के अनुसरण में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे में दिनांक 24.02.2023 को निगम की 71 वीं वर्षगांठ के रूप में एसिक दिवस मनाया गया तथा इस अवसर पर एक बृहत् समारोह का आयोजन किया गया | समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आईटीसी लिमिटेड के आईटीडी पुणे के जेनेरल मैनेजर श्री संदीप शर्मा उपस्थित थे | समारोह की अध्यक्षता कार्यालय प्रमुख उप निदेशक (प्रभारी) श्री हेमंत कुमार पाण्डेय ने की | इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारियों के अतिरिक्त एएमओ के डॉ. वी. एस रंगदल, कराबी अस्पताल बिबवेवाडी पुणे के डॉक्टर एमानुएल कोटा व डीएमएस अभिमन्यु पांडा, विभिन्न कोनों से आये हुए इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, नियोक्ता, एचआर व बीमाकृत व्यक्ति/महिला व उनके आश्रित उपस्थित थे | अध्यक्ष महोदय तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के हाथों पंचदीप प्रज्ज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ | तत्पश्चात कार्यालय के अधिकारियों व अतिथियों के हाथों वृक्षारोपण किया गया |

समारोह के दौरान ही कुछ बीमाकृत व्यक्तियों/ महिलाओं तथा उनके आश्रितों को मुख्य अतिथि व इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के हाथों हितलाभ का पहला भुगतान प्रदान किया गया | समारोह को और विशेष बनाने के लिए विशेष सुविधा समागम के साथ साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें अध्यक्ष महोदय तथा एएमओ के डॉक्टर्स, कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल के डॉक्टरों व कार्यालय के सम्बंधित अधिकारियों ने उपस्थित नियोक्ताओं व बीमाकृत व्यक्तियों की शंकाओं का समाधान किया और साथ ही, उनकी समस्याओं के निवारण के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया |

मुख्य अतिथि श्री संदीप शर्मा ने ईएसआईसी की सराहना करते हुए कहा कि कोविड जैसी अंधकारमयी परिस्थिति में ईएसआई ने लोगों के जीवन में रोशनी भरी है तथा यह मुसीबत में पड़े लोगों के लिए भगवान के समान है |

कार्यालय अध्यक्ष ने तथ्यों के बारे में बताते हुए कहा कि कराबी अस्पताल बिबवेवाड़ी अपग्रेड होकर 500 बिस्तरों का बनने वाला है | उन्होंने बताया कि कोरोना के बाद कार्यालय के अधीन 17 नए औषधालय खोले गए हैं तथा 9 औषधालयों का कार्य प्रक्रियाधीन है | चाकण में कुछ समय से एक नए शाखा कार्यालय खोले जाने की मांग की जा रही थी अतः माह जनवरी 2023 में चाकण में एक नवीन शाखा कार्यालय का उद्घाटन किया गया है | इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी बताया कि कराबी अस्पताल बिबवेवाडी व कराबी अस्पताल कोल्हापुर में मेडिकल बोर्ड प्रारंभ किये गए हैं | अब दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित कर्मचारियों को पीडीबी के लिए मेडिकल बोर्ड हेतु उप क्षेत्रीय कार्यालय पुणे में आने की आवश्यकता नहीं होगी | मेडिकल बोर्ड उनके निवास स्थान के समीप सरल सुलभ हो सकेगा | प्रसूति हितलाभ प्राप्त करना भी सरल हो गया है | इसके लिए किसी शाखा कार्यालय में जाकर फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है | यह फॉर्म अब ऑनलाइन भरा जा सकेगा | इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि एसिक दिवस से ही विशेष सेवा पखवाड़े की शुरुआत की जा रही है जिसके अंतर्गत बकाया बिलों का निपटान, जागरूकता कार्यक्रम इत्यादि गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी | पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 01.03.2023 व दिनांक 09.03.2023 को भी पुनः सुविधा समागम आयोजित किये जाने हैं | उन्होंने सभी से अपील की कि उक्त सुविधा समागम में उपस्थित होकर अपनी समस्याएँ बताएं | उन्होंने कहा कि कामगारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए काफी प्रयास किये गए हैं तथापि अभी और प्रयास किये जाने हैं ताकि एक कामगार असंतुष्ट न रहे |

डीएमएस अभिमन्यु पांडा ने उपस्थित लोगों को उमंग एप व एएए एप की जानकारी दी तथा सभी से अनुरोध किया कि कामगार को ईएसआई सुविधा का लाभ दिलाने के लिए उनकी बीमा संख्या जेनरेट करना आवश्यक है | इस अवसर पर विभिन्न एसोसिएशंस से आये लोगों ने भी अपने मंतव्य व्यक्त किये तथा निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं | उक्त समारोह में धन्यवाद ज्ञापन उप निदेशक श्री राजेश सिंह ने किया व सूत्र सञ्चालन कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती रीति द्विवेदी द्वारा किया गया |